<u>हिन्दी सप्ताह 2020 : एक रिपोर्ट (14-18 सितंबर, 2020)</u>

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी द्वारा 14 से 18 सितंबर 2020 के दौरान हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्याक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलसचिव द्वारा 14 सितंबर 2020 को हिन्दी दिवस - 2020 पोस्टर के लोकार्पण द्वारा किया गया।

हिन्दी सप्ताह के दौरान कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ ऑनलाइन आयोजित की गई।

सप्ताह के आरम्भ में प्रशासनिक भवन में हिन्दी की प्रमुख सुक्तियों को प्रदर्शित करते हुए बैनर तथा स्टैन्डी लगाए गए।

दिनांक 15 सितंबर 2020 को राजभाषा से संबंधित पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

16 सितंबर 2020 को हिन्दी शिक्षण योजना की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.सीमा वर्मा द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव प्रो. सिद्दीकी मोहम्मद महमूद द्वारा की गई। हिन्दी अधिकारी डॉ.शगुफ़्ता परवीन ने शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक का हिन्दी दिवस संदेश पढ़ा।

17 सितंबर 2020 को ऑनलाइन हिन्दी कथावाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने ऑनलाइन अपनी-अपनी कथा पढ़कर सुनाई।

इसके अतिरिक्त, राजभाषा प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने अधिक संख्या में सहभागिता की तथा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हरसंभव प्रयास करने का वचन लिया।

हिन्दी सप्ताह का समापन हिन्दी अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

	
कुलसचिव द्वारा हिन्दी दिवस पोस्टर का लोकार्पण	माननीय कुलपति महोदय के साथ हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर भेंट

माननीय कुलपति महोदय के साथ राजभाषा कार्यान्वियन समिति के सदस्यों की भेंट वर्ता

राजभाषा हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी





हिन्दी शिक्षण योजना की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.सीमा वर्मा द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

ऑनलाइन हिन्दी कथावाचन प्रतियोगिता



ऑनलाइन राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हिन्दी सप्ताह समापन समारोह (ऑनलाइन)